आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 07.11.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की तारीख पर भारतीय ओलंपिक संघ ने मुहर लगाई, 28 जनवरी से 14 फरवरी तक होगा राष्ट्रीय खेलों का आयोजन।
- पिथौरागढ़ जिले के नैनी सैनी एयरपोर्ट से राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के लिए सीधी विमान सेवा आज से शुरू।
- मुख्यमंत्री ने गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के विस्तार तथा सुरक्षा से संबंधित योजनाओं को जल्द धरातल पर उतारना सरकार की प्राथमिकता बताया।
- बी०एच०ई०एल ने हरिद्वार में पांच मेगावाट सौर ऊर्जा संयत्र का शिलान्यास किया।
- केंद्र की वन रैंक वन पेंशन योजना के दस वर्ष पूरे।

राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की तारीख पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अपनी मुहर लगा दी है। संघ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक पत्र के माध्यम से यह सूचना दी है। अगले वर्ष 28 जनवरी से 14 फरवरी तक 38वें नेशनल गेम्स उत्तराखंड में आयोजित होंगे। आईओए ने इस आयोजन के लिए पांच कमेटियों का भी गठन कर दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि इस राष्ट्रीय खेल महाकुंभ के लिए उत्तराखण्ड पूरी तरह से तैयार है। राज्य सरकार इस आयोजन को यादगार बनाने में कोई भी कोर कसर बाकी नहीं रखेगी।

विमान सेवा शुरू

पिथौरागढ़ जिले के नैनी सैनी एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए सीधी विमान सेवा आज से शुरू हो गई है। एक 42 सीटर विमान 21 यात्रियों को लेकर पिथौरागढ़ पहुंचा। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा और पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने पहली फ्लाइट के यात्रियों का स्वागत किया।

भेंट

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के विस्तार और सुरक्षा से संबंधित योजनाओं को जल्द धरातल पर उतारना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मानसून काल में हुए नुकसान से सुरक्षा के लिए आपदा मद से जल्द धनराशि स्वीकृत की जाएगी। उत्तराकाशी में यमुनोत्री व गंगोत्री मंदिर समिति के पदाधिकारियों और तीर्थ पुरोहितों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जानकीचट्टी–यमुनोत्री क्षेत्र को नगर पंचायत बनाने, यमुनोत्री रोपवे का शीघ्र निर्माण करने, गंगोत्री में हेलीपैड का विस्तार करने, मुखवा–जांगला सड़क स्वीकृत किए जाने सहित यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के विस्तार के लिए प्रस्तावित योजनाओं तथा बाढ सुरक्षा कार्य की स्वीकृति का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुनोत्री रोपवे के निर्माण को लेकर शासन स्तर पर जल्दी ही एक बैठक कर समुचित निर्णय लिया जाएगा ताकि पीपीपी मोड की इस योजना का काम जल्द शुरू किया जा सके।

आवश्यक निर्देश

देहरादून शहर में स्ट्रीट लाइट और कूड़ा निस्तारण की समस्या को व्यवस्थित रूप से संपादित करने के लिए जिलाधिकारी ने नगर निगम में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रत्येक स्ट्रीट लाइट और गार्बेज पॉइंट पर क्यूआर कोड चस्पा करने को कहा है, जिस पर आम जनता अपनी शिकायत दर्ज कर सकेगी। उन्होंने कहा कि इससे आधुनिक दौर में तकनीकी के माध्यम से लोगों को अपनी शिकायत को दर्ज करने में काफी सहूलियत मिलेगी।

नगर निगम की टीमों ने पिछले 12 दिनों में 12 हजार से अधिक एलईडी लाइट ठीक की हैं। इस पर जिलाधिकारी ने कार्मिकों की प्रशंसा करते हुए उनका हौसला बढ़ाया।

समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी जिले में सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को तत्परता के साथ लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पात्र व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और विभागीय सेवाओं की जन–समान्य तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा है। उत्तरकाशी में संचालित विकास योजनाओं और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नैसर्गिक सौंदर्य और बेहतर वातावरण के साथ ही सड़कों का सुधार और सुविधाओं का विस्तार होने के कारण जिले में पर्यटन के क्षेत्र में काफी बढोतरी होने की संभावना है। उन्होंने इन संभावनाओं को साकार करने के लिए सभी लोगों के समन्वित प्रयास पर जोर दिया। श्री धामी ने सड़कों को गड्ढामुक्त करने की प्रगति की जानकारी लेते हुए सड़क सुरक्षा के उपायों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

आभार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पीएम विद्या लक्ष्मी योजना को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कैबिनेट का आभार जताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री धामी ने कहा कि निश्चितरूप से यह कदम शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी पहल है। पीएम विद्या लक्ष्मी योजना को मंजूरी देने के इस ऐतिहासिक निर्णय से गरीब और मेधावी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की राह आसान होगी। छात्रों को कम ब्याज दर पर 10 लाख रुपये तक का लोन मिलने से उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की वित्तीय बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना

गैर परम्परागत ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए बीएचईएल 5 मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र की एक और इकाई हरिद्वार में स्थापित कर रही है। बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक टीएस मुरली ने इस परियोजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भविष्य में गैर परम्परागत स्रोतों से मिलने वाली अक्षय ऊर्जा ही बिजली का प्रमुख विकल्प होगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अक्षय ऊर्जा स्रोतों पर विशेष ध्यान देना होगा और भारत सरकार भी इस दिशा में विशेष प्रयास कर रही है।

गौरतलब है कि 15 एकड़ क्षेत्र में बनने वाला यह संयंत्र बीएचईएल का देश के हरित ऊर्जा तथा नेट ज़ीरो लक्ष्य की प्राप्ति में एक महत्वपूर्ण कदम है।

वन रैंक वन पेंशन

केंद्र की वन रैंक वन पेंशन–ओआरओपी योजना को आज दस साल पूरे हो गए हैं। यह भूतपूर्व सैनिकों के लिए उचित और समान पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा लागू की गई एक परिवर्तनकारी योजना है। एक रिपोर्ट–

*यह योजना सुनिश्चित करती है कि समान रैंक और समान सेवा अवधि के साथ सेवानिवृत्त होने वाले दिग्गजों को उनकी सेवानिवृत्ति तिथि की परवाह किए बिना समान पेंशन मिले। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में ओआरओपी योजना के लिए कुल वित्तीय निहितार्थ चार हजार 468 करोड़ रुपये से अधिक है। इस साल 30 सितंबर तक सशस्त्र बलों के पेंशनभोगियों को 895 करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस योजना से 25 लाख से अधिक सशस्त्र बल पेंशनभोगी लाभान्वित हो रहे हैं, जिनमें पारिवारिक पेंशनभोगी भी शामिल हैं। पेंशन को हर पांच साल में संशोधित किया जाता है और नवीनतम संशोधन इस साल जुलाई से प्रभावी है।*

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि वन रेंक वन पेंशन योजना के माध्यम से उत्तराखण्ड के भी एक लाख 16 हजार से अधिक सैन्यकर्मी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा यह योजना सेना के सम्मान और उनकी सेवा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

ऋण

केंद्र सरकार और एशियाई विकास बैंक ने उत्तराखंड में जलापूर्ति, स्वच्छता और शहरी सेवाओं को बेहतर बनाने में सहायता के लिए 20 लाख डॉलर के ऋण पर हस्ताक्षर किए हैं। आर्थिक मामलों के विभाग की संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी ने कहा कि यह परियोजना, केंद्र सरकार के शहरी विकास एजेंडे के साथ–साथ उत्तराखंड सरकार की शहरी सेवाओं को बढ़ाने की पहल के अनुरूप है। इसका उद्देश्य शहरों में जीवन यापन को बेहतर बनाना और स्थिरता को बढावा देना है। बैक में भारत निवासी मिशन के निदेशक मियो ओका ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य शहरी बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि यह आधारभूत ढांचा जलवायु और पर्यावरणीय जोखिमों के प्रति परिवर्तनशील है। इससे लोगों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित हो सकेगा। यह परियोजना हल्द्वानी में परिवहन, शहरी गतिशीलता, जल निकासी, बाढ प्रबंधन और समग्र सार्वजनिक सेवाओं को बढ़ाएगी। इससे उत्तराखंड के चार शहरों में जलापूर्ति में सुधार होगा।

डीबीटी ऑन सैनेटरी नैपकिन

नैनीताल में जिले की छात्राओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने अभिनव पहल की है। जिले के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों सहित हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट में अध्ययनरत छात्राओं को उनके बैंक खातों में प्रति छात्रा 84 सैनिटरी पैड की धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। नैनीताल जिला परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा की ओर से यह धनराशि आवंटित की जाएगी। मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल और जिला परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा, पी.एल टम्टा ने इस आशय का पत्र जारी कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रति छात्रा 84 सैनिटरी पैड और प्रति पैड साढे तीन रुपए की दर से जिले में अध्ययनरत कुल 20 हजार 945 छात्राओं के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से साढे इकसठ लाख रुपए की धनराशि दी जाएगी।

गढ़ कौथिग मेला

राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला गढ़ कौथिक कल से शुरू हो रहा है। क्लेमेंट टाउन में आयोजित होने वाले गढ़ कौथिक का आयोजन इस वर्ष तीन दिन के लिए किया गया है। मेले में उत्तराखण्ड के खान–पान, परम्परागत रीति रिवाज व संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। इस बार गढ़ कौथिग मेले में परम्परागत पहाड़ी खान–पान पर विशेष जोर दिया जाएगा। साथ ही बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुति सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जांएगे।